K NEWS INDIA

पंजाब कृषि विभाग ने बठिंडा में नकली कीटनाशकों से भरा पिकअप ट्रक पकड़ा

KNEWS DESK- राज्य में नकली खाद और कीटनाशकों के डीलरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब के कृषि और किसान कल्याण विभाग ने शनिवार को हरियाणा से आ रहे एक पिकअप ट्रक से अवैध कीटनाशकों का बड़ा स्टॉक जब्त किया। ये कीटनाशक बठिंडा और आसपास के जिलों के किसानों को सप्लाई किए जाने थे। यह कार्रवाई कृषि विभाग द्वारा 18 जुलाई, 2024 को बठिंडा से मेसर्स वुडलैंड एग्रीटेक इंडिया (एच.आर.), कैथल की 1200 लीटर कीटनाशक दवाइयां जब्त करने के कुछ दिनों बाद की गई है।

जब्त किए गए कीटनाशकों के बारे में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि हरियाणा के व्यक्तियों द्वारा किसानों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए लाए जा रहे नकली कीटनाशकों की पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुख्य कृषि अधिकारी बठिंडा के नेतृत्व में कृषि विभाग बठिंडा की टीम ने ब्लॉक फूल (बठिंडा) में नाका लगाया और चेकिंग के दौरान पिकअप ट्रक रोका गया, जिसमें से भारी मात्रा में अवैध कीटनाशक दवाइयां बरामद हुईं।

Source: https://knewsindia.in/punjab/punjab-agriculture-department-caught-pickup-truck-full-of-fake-pesticides-in-bathinda/#google_vignette